हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 जुलाई 2025, समय 1305 (05 मिनट)

देश में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सराहना दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस विश्व में ए.आई. क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से आज स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्योग जगत में बडे बदलाव हो रहे हैं।

ए.आई. क्षेत्र को और विकसित करने के लिए सरकार ने स्किल इंडिया ए.आई. पोर्टल, राष्ट्रीय ए.आई. कौशल कार्यक्रम और ए.आई. युवा बूटकैंप जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनके माध्यम से छात्रों और श्रमिकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान किया जाता है। व्यावसायिक केंद्र भी पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ए.आई. उपकरण अपना रहे हैं। सरकार शिक्षा और उद्योग को जोड़ने वाले कार्यक्रमों और नए केंद्रों के वित्तपोषण से ए.आई. अनुसंधान में भी निवेश कर रही है।

***************************************************

हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक या निजी कार्यों के लिए पेड़ काटने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिए गए आवेदन पर यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे एक बार में ही दर्ज किया जाए ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और जनता को बार-बार परेशान न होना पड़े।

श्री राव नरबीर सिंह आज चंडीगढ़ में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
वन मंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की खरीद से पहले मंत्री स्तर से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

*******************************************************

केंद्र सरकार की पहल के तहत हिसार में डाक विभाग द्वारा आमजन को जलाभिषेक के लिए शुद्ध एवं पवित्र गंगाजल उपलब्ध करवाया जा रहा है।
हिसार मंडल के डाकघर अधीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि यह सेवा सभी प्रमुख डाकघरों हिसार,सिरसा ,फतेहाबाद व टोहाना आदि में उपलब्ध कराई जा रही है। इससे जो लोग सावन माह में किसी कारणवश हरिद्वार नहीं जा पाते उन्हें घर बैठे गंगाजल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हर साल सावन माह में लगभग आठ हज़ार गंगाजल की बोतलें हिसार डाकघर से खरीदी जाती हैं।

*******************************************************

श्री हरीश कुमार ने बताया कि डाकघरों में मिलने वाला गंगाजल पूर्ण रूप से शुद्ध है।उत्तराखंड सरकार के सहयोग से सीधे डाक विभाग द्वारा ही उचित पैकजिंग के साथ यह आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

डाकघर अधीक्षक ने बताया कि पूरे साल भर किसी भी कार्य दिवस पर डाकघर आकर गंगाजल प्राप्त किया जा सकता है।

सावन महीने में शिवरात्रि पर कावड़ यात्रियों के लिए परिवहन विभाग के पानीपत डिपो ने पानीपत से हरिद्वार के लिए 28 बसें चलाई हैं।

पानीपत बस डिपो के महा प्रबंधक विक्रम कम्बोज ने बताया कि पानीपत डिपो से हरिद्वार के लिए 13 बसें स्थायी परमिट के साथ और 15 अस्थायी परमिट के साथ चलाई जा रही है।

श्रद्धालुओं को करीब हर आधे घंटे में हरिद्वार के लिए बस मिल रही है।

किराया बढ़ने को लेकर उन्होंने बताया कि पानीपत -हरिद्वार मार्ग पर बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने पर बसों का मार्ग बदले जाने से पानीपत से हरिद्वार का सफर करीब 60 किलोमीटर बढ़ गया है जिस कारण किराए में 70 रुपए तक की वृद्धि की गई है।

उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु मार्ग बदले जाने से पानीपत से हरिद्वार जाने में अब एक से डेढ़ घंटा ज्यादा लग रहा है। जबकि पुराने मार्ग से यह सफर 3 घंटे का है।

****************************************************

हिसार में शिक्षक की हत्या के विरोध में आज प्रदेश में निजी स्कूल बंद रखे गए हैं।

सभी जिलों से मिली खबर के अनुसार स्कूल संगठनों द्वारा जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपे गए।

कुरुक्षेत्र में आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बलदेव सैनी ने कहा कि निजी स्कूल संघ ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में स्कूलों में शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाने,

स्कूल सुरक्षा कानून बनाने और शिक्षक जगबीर सिंह की हत्या के मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाने की मांग रखी है ।

*******************************************************

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है कि मंत्रालय ने समोसा, जलेबी और लड्डू जैसे खाद्य पदार्थों पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी का लेबल लगाए जाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि मीडिया में आ रही इस तरह की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि कार्यस्थलों पर खाद्य पदार्थों का स्वस्थ विकल्प अपनाने के बारे में अलग से परामर्श जारी किया गया था, जिसमें वसा और अत्यधिक चीनी से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुकता लाने के लिए कैन्टीन, कैफेटेरिया और बैठक कक्ष में बोर्ड लगाने को कहा गया था। इसका उद्देश्य देश में मोटापे की बढ़ती समस्या के प्रति सचेत करना था।

************************************************************